ई मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

संख्याः प्राशिप / अनु0–6 / सम0 सेमे0परी0 / 2023 / 874 लखनऊः दिनांकः 18-05-2023

**विषयः परिषद द्वारा आयोजित आगामी सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023, में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र / छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भराये जाने विषयक।**

**महोदय,**

परिषद की सेमेस्टर पद्धति के अन्तर्गत सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023, में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के परीक्षा आवेदनपत्र भराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश :–

उक्त के क्रम में सूचित किया जाता है कि परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023, में पात्र छात्र / छात्राओं के सम्बन्ध में निम्न निर्देशों का अनुपालन करते हुए निर्धारित तिथि तक वांछित कार्यवाही करने का कष्ट करें:–

1 सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023, में सम्मिलित होने की अनुमति उन्हीं छात्र / छात्राओं को दी जायेगी जिनके परीक्षा आवेदन ऑनलाईन प्रकिया द्वारा संस्था लॉगिन से अग्रसारित किये गये हों। प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा ऑवटित अनुक्रमॉक के बिना यदि किसी संस्था द्वारा किसी भी छात्र को परीक्षा में सम्मिलित कराया जाता है तो संस्था स्वयं उत्तरदायी होगी एवं छात्र / छात्रा की परीक्षा निरस्त कर दी जायेगी।

2 सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023, में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के परीक्षा आवेदनपत्र पूर्ववर्ती सेमेस्टर परीक्षा की भॉति आनलाईन प्रकिया द्वारा वेबसाइट **www.bteup.ac.in** के माध्यम से **दिनांक 19 / 05 / 2023 से 31 / 05 / 2023 की रात्रि 12:00 बजे तक** तिथि निर्धारित की जा रही है।

3 परीक्षाफार्म को भरने वाले लिंक पर एक फार्म प्रदर्शित है। कृपया उसको सावधानीपूर्वक भरे, एक बार फार्म submit होने के पश्चात उसमें संशोधन किया जाना सम्भव नहीं है।

4 प्राविधिक शिक्षा परिषद् उ0 प्र0 लखनऊ से सम्बद्ध संस्थाओं में सेमेस्टर प्रणाली एवं वार्षिक पद्धति के अन्तर्गत अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के परीक्षा शुल्क, अंकतालिका शुल्क एवं परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क की धनराशि निम्नवत् है :

| कसं0 | मद | धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | सेमेस्टर प्रणाली के सम सेमेस्टर परीक्षा / बैक पेपर / सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023, (द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ्म सेमेस्टर) में सम्मिलित छात्र / छात्राओं की परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क की ली जाने वाली कुल धनराशि। | रू0 – 420 / – प्रति छात्र / छात्रा प्रति सेमेस्टर |
| 2 | वार्षिक पद्धति द्वारा संचालित पाठ्यकम डिप्लोमा इन फार्मेसी हेतु परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क की कुल धनराशि। | रू0 – 570 / – (प्रथम वर्ष)<br>रू0 – 570 / – (अन्तिम वर्ष) |
| 3 | सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023 (द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ्म सेमेस्टर) के छात्र / छात्राओं तथा वार्षिक पद्धति 2023 के अन्तर्गत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के एक या दो विषय में बैक पेपर होने पर बैक पेपर परीक्षा हेतु ली जाने वाली कुल धनराशि। | रू0 200 / – दो विषयों तक एवं दो विषयों से अधिक बैक पेपर होने पर प्रत्येक विषय हेतु रू0 100 / – की दर से अतिरिक्त परीक्षा शुल्क |
| 4 | सम0 सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा जून–2023 के सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंकतालिका शुल्क की कुल धनराशि। | रू0 – 370 / – प्रति छात्र / छात्रा |

Khan

7. संस्था प्रधानाचार्य द्वारा ऑनलाइन भराये गये परीक्षा आवेदन पत्रों का परीक्षा शुल्क विवरण प्रारूप–2 में भरकर प्रेषित करें।

8. यहॉ यह भी अवगत कराना है कि उक्त परीक्षा के परीक्षाफार्म संस्था लॉगिन पर उपलब्ध है। आपको स्पष्ट रूप से सूचित किया जाना है कि निर्धारित परीक्षा शुल्क जैसा कि ऊपर अवगत कराया गया है के अनुसार संलग्नक चालान प्रारूप पर राजकोष में समयान्तर्गत जमा कराना सुनिश्चित करें, साथ ही चालान की मूल प्रति प्रारूप–1 एवं प्रारूप–2 के साथ परिषद को भी प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

9. सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023 में सम्मिलित छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन भराये गये परीक्षा आवेदन फार्म की हार्डकापी, नामावली एवं संलग्न प्रारूप–1 व प्रारूप–2, चालान की मूलप्रति संस्था के कंवरिंग लेटर के साथ परिषद कार्यालय के अनुभाग–6 को प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

10. **यहॉ यह भी अवगत कराना है कि वर्तमान में विषम सेमेस्टर परीक्षा, दिसम्बर–2022 के पुनर्मूल्यांकन/स्कूटनी का कार्य प्रचलन में है। जिन छात्र–छात्राओं का विषम सेमेस्टर परीक्षा, दिसम्बर–2022 के विषयों में परीक्षाफल अनुत्तीर्ण प्रदर्शित है, ऐसे सभी छात्र–छात्राओं का अनुत्तीर्ण विषय सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023 के परीक्षाफार्म पर बैक पेपर में प्रदर्शित किया गया है। विषम सेमेस्टर परीक्षा, दिसम्बर–2022 के पूर्नमूल्यांकन/स्कूटनी के परीक्षाफल घोषित होने के उपरांत सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023 के प्रवेश पत्र एवं नामावली में पुनर्मूल्यांकन/स्कूटनी के परीक्षाफल के आधार पर संशोधन परिषद द्वारा कर दिया जायेंगा।**

**नोट :– संस्था द्वारा सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023 में सम्मिलित छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन भराये गये परीक्षा आवेदनों की सूची डाउनलोड करने का आप्शन उपलब्ध है। सूची डाउनलोड करते हुए एक प्रति परिषद की ई0मेल0 upbteanu6@gmail.com (डाउनलोड फाइल का नाम– संस्था कोड के आधार पर प्रेषित करें, उदहारण– 1001) पर भी प्रेषित करना सुनिश्चित करें।**

अस्तु अनुरोध है कि उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन करते हुए समयान्तर्गत अपनी संस्था में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र परिषद की वेबसाइट **www.bteup.ac.in** के माध्यम से भराना सुनिश्चित करें ।

**संलग्नक**: उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

Khan

(एफ0 आर0 खान)
सचिव।

**पृ0सं0: प्राशिप/अनु0–6/ सम0सेमे0परी0/जनवरी–2023/ 875–77** तद्दिनांक: 18.05.2023

**प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–**

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, पश्चिमी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/पूर्वी क्षेत्र।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही एवं उक्त सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

Khan

(एफ0 आर0 खान)
सचिव।